तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

11 रामभक्त हनुमान चिरंजीवी : मदान



12 व्यवहार में संवेदनशीलता होना आवश्यक : प्रो. सुदेश



## खबर संक्षेप

### थार ने मारी टक्कर कैंटर चालक की मौत

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-334बी पर थार गाड़ी की टक्कर से कैंटर चालक की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गत्ते से भरा कैंटर सड़क पर पलट गया था। बिहार के नालंदा निवासी विक्की ने राई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह और उनका साथी सिकंदर अलग-अलग कैंटर में दिल्ली के नांगलोई से गत्ता भरकर यूपी के मुजफ्फरनगर जा रहे थे। सिकंदर आगे-आगे चल रहे थे। जब वह एनएच-44 से एनएच-334 बी के पुल पर चढने लगे तो तेज गति से आई एक थार ने उनके कैंटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिकंदर का कैंटर पलट गया और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बॉक्सिंग खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**खरखौदा।** खेल विभाग के निर्देशों के अनुसार, जागृति बॉक्सिंग क्लब जागृति भवन, थाना रोड, रणबीर हॉस्पिटल के सामने, खरखौदा में बॉक्सिंग नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह ट्रायल 3 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज के फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक की पासबुक (छात्रवृत्ति हेतु) लाना अनिवार्य है। बॉक्सिंग कोच मोहित के अनुसार चयनित खिलाड़ियों को 8-14 वर्ष के लिए 1500 रुपए और 15-19 वर्ष के लिए 2000 रुपए प्रति माह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी अपने सभी दस्तावेजों के साथ समय पर ट्रायल स्थल पर पहुंचें।

### मेरिट सूची में अंजली ने हासिल किया स्थान



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय की एमए अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा अंजली ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में 5वां स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर टीकाराम शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दहिया और कॉलेज की प्राचार्या गीता ने अंजली को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. ममता और सुनीता ने भी छात्रा की सराहना करते हुए उसे आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में शिक्षा का स्तर ऊंचा होने के कारण छात्राएं आगे बढ़ रही है।

## मंडी में गेहूं की आवक व खरीद का श्रीगणेश, पहले दिन 300 क्विंटल की आवक, 210 क्विंटल की खरीद

- मार्केट कमेटी सचिव जितेंद्र कुमार व वाइस चेयरमैन संजय वर्मा ने शुरू करवाई खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में वीरवार को गेहूं की आवक व खरीद का श्रीगणेश किया गया। पहले दिन मंडी में करीब 300 क्विंटल गेहूं की आवक हुई। नमी की मात्रा 12 प्रतिशत होने तक गेहूं की खरीद की गई। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन (एचडब्ल्यूसी) की ओर से तीन किसानों से 210 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। वहीं सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ज्यादा भाव में बिक रही है। सोनीपत की अनाज मंडी में मार्केट कमेटी सचिव जितेंद्र कुमार व वाइस चेयरमैन संजय वर्मा ने पहले दिन गेहूं की खरीद शुरू कराई। इसके अलावा जिले चार मंडियों, एक साइलो और 15 खरीद केंद्रों में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिले में भारतीय खाद्य निगम सहित चार सरकारी एजेंसियों को खरीद करने के आदेश दिए है।



**सोनीपत।** खरीद शुरू करवाते मार्केट कमेटी सचिव व वाइस चेयरमैन।

### गोहाना में 150 और खरखौदा में 2383 क्विंटल गेहूं की खरीद

उधर गोहाना की मंडी में भी दो दिन से 150 क्विंटल गेहूं व खरखौदा मंडी में 2383 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन खरीद अभी तक शुरू नहीं पाई। गेहूं में नमी की मात्रा 15 से 18 फीसदी तक होने के कारण खरीद नहीं हो पाई है। इसके कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सरपंच पर अवैध कब्जे और गबन का आरोप सीएम विंडो पर शिकायत

**गन्नौर।** गांव शाहपुर तगा के पूर्व सरपंच अनिल कुमार ने गांव की सरपंच गीता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सीएम विंडो के माध्यम से मुख्यमंत्री को शिकायत दी है। शिकायत में सरपंच को पद से निलंबित करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। अनिल कुमार ने आरोप लगाया कि सरपंच ने चुनाव के समय शपथपत्र में पंचायती भूमि पर कोई अवैध कब्जा न होने की बात कही थी, जबकि वर्ष 2018 की निशानदेही रिपोर्ट में उनके पति सुंदर का नाम अवैध कब्जाधारियों की सूची में शामिल है। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस संबंध में पहले भी उपायुक्त से लेकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गन्नौर सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबध में सरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क नही हो पाया।

## सर्वसम्मति से सोनू को मिला पांची जाटान सरपंच का चार्ज

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में निलंबित सरपंच अशोक के स्थान पर नए कार्यभार को लेकर चल रही प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। इससे पहले कोरम पूरा न होने के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी थी। जिसके चलते वीरवार को दोबारा बैठक बुलाई गई थी। खंड विकास एवं पंचायत विभाग के सभागार में आयोजित बैठक में 18 में से 10 पंचों की उपस्थिति के साथ कोरम पूरा हो गया। बैठक बीडीपीओ राजेश टिवाना की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में वार्ड 4 के मुकेश, वार्ड 5 के अरविंद, वार्ड 8 की संतरो, वार्ड 10 की मीना, वार्ड 11 के रविंद्र, वार्ड 13 के दलबीर, वार्ड 14 की मुन्नी, वार्ड 16 की सोनू देवी, वार्ड 17 के सोनू और वार्ड 18 की रेखा मौजूद रहे। कोरम पूरा होने के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड 17 के पंच सोनू को गांव का सरपंच कार्यभार सौंपा गया। निर्णय के बाद उपस्थित पंचों व ग्रामीणों ने सोनू का फूल-मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। बता दें कि पूर्व सरपंच अशोक को 13 मार्च को विकास कार्यों में अनियमितताओं और पंचायत रिकार्ड उपलब्ध न कराने के आरोपों के चलते निलंबित किया गया था। अब नए कार्यभार मिलने से पंचायत कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# रेल यात्रियों को मिली समर स्पेशल ट्रेन की सौगात, यूपी से हरियाणा तक सुगम होगा सफर

**ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को लेकर फैसला**

» मऊ स्टेशन से सोनीपत के रास्ते अंबाला कैंट तक होगा समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

» 2 अप्रैल से 17 जुलाई तक स्पेशल ट्रेन अप-डाउन रूट पर 32 फेरे लगाएगी, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ट्रेनों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को लेकर उत्तर रेल मंडल ने उत्तर प्रदेश के मऊ जंक्शन से दिल्ली, सोनीपत के रास्ते अंबाला कैंट तक यात्रियों को साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन की सौगात दी है। समर स्पेशल ट्रेन मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक 2 अप्रैल से 17 जुलाई तक अप-डाउन रूट पर 32 फेरे लगाएगी। स्पेशल ट्रेन का परिचालन होने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों सहित दैनिक यात्रियों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। ट्रेन का मार्ग में 16 मुख्य स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया गया है। स्पेशल ट्रेन का परिचालन होने से उत्तर प्रदेश से हरियाणा तक यात्रियों का सफर सुगम होगा, उन्हें ट्रेनों में खड़े होकर सफर नहीं करना पड़ेगा।

लोग गर्मियों के मौसम में अक्सर छुट्टियां मनाने के लिए बाहर जाने का प्लान बनाते हैं, लेकिन कई बार लोगों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पाती है। अब यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की तरफ से दिल्ली-अंबाला रूट पर भी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (05301/02) का परिचालन शुरू किया गया है। मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट तक 2 अप्रैल से 17 जुलाई तक अप-डाउन रूट पर यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी।



**सोनीपत।** स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### वीरवार व शुक्रवार को सुविधा

ट्रेन का संचालन हर वीरवार व शुक्रवार को अप व डाउन रूट पर होगा। इससे पहले भी उक्त ट्रेन का मऊ जंक्शन से अंबाला कैंट के बीच 5 से 27 मार्च तक होली स्पेशल के रूप में परिचालन किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि मऊ जंक्शन से सोनीपत के रास्ते अंबाला कैंट तक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू होने से जीटी रोड से लगते जिले अंबाला, पानीपत व सोनीपत में रह रहे लोगों को इसका फायदा होगा।

### रेलगाड़ी का ये रहेगा शेड्यूल

समर स्पेशल ट्रेन संख्या 05301 2 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक वीरवार को मऊ जंक्शन से सुबह 4 बजे अपनी यात्रा शुरू कर सोनीपत के रास्ते रात 12:30 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी। सोनीपत स्टेशन पर ट्रेन का रात 9:12 बजे ठहराव होगा। वापसी में 3 अप्रैल से 17 जुलाई तक ट्रेन संख्या 05302 प्रत्येक शुक्रवार को अंबाला कैंट से रात 1:40 बजे अपनी यात्रा शुरू करेगी। सोनीपत के रास्ते रात 11:00 बजे मऊ जंक्शन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। सोनीपत स्टेशन पर इस ट्रेन का तड़के 3:40 बजे ठहराव रहेगा।

### सोनीपत सहित इन 16 स्टेशनों पर होगा 2 मिनट का ठहराव

एसी, स्लीपर व सामान्य डिब्बों वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का मार्ग में सोनीपत सहित 16 स्टेशनों पर दो मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। ट्रेन मऊ जंक्शन से चलकर बेल्थारा, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बुढ़वाल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत, पानीपत होते हुए अंबाला कैंट में अपनी यात्रा संपन्न करेगी। स्पेशल ट्रेन के संचालन का लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ दिल्ली-अंबाला रूट के दैनिक यात्रियों को भी फायदा मिलेगा।

### कंफर्म टिकट मिलने में आसानी होगी

रेलवे ने ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया है। यह ट्रेन तय समय अवधि के लिए अप्रैल से जुलाई के मध्य तक ही चलाई जाएगी। ट्रेन से आवागमन करने वाले यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने में आसानी हो और लंबी दूरी का सफर आसान हो सकेगा।

**-हिमांशु शेखर उपाध्याय**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

## डॉ. तराना नेगी को उच्चतर शिक्षा विभाग ने किया सम्मानित



**खरखौदा।** उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा विधानसभा तथा दीनबंधु छोटू राम साइंस एवं तकनीकी विश्वविद्यालय मुरथल सोनीपत द्वारा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सोनीपत जिले के 9 महाविद्यालयों, 3 विश्व विद्यालय एवं राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत से 1250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के वॉलिंटियर्स की भागीदारी महत्वपूर्ण रही। इस सम्मेलन में डॉ तराना नेगी जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी को उनके सराहनीय कार्य के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से प्रशंसा पत्र मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्या डॉ. तराना नेगी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार की तरह है और परिवार के सभी सदस्यों के सहयोग से बड़े से बड़ा कार्य भी संपन्न हो जाता है। स्टाफ के सदस्यों की सहायता से भविष्य में भी महाविद्यालय के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सराहनीय भूमिका देने का निरंतर प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. तराना नेगी के सहयोगी डॉ. किरण सरोहा वरिष्ठ प्राध्यापिका, राष्ट्रीय सेवा योजना इंचार्ज जगबीर सिंह, मधुलता बलराम, संदीप, सुधीर, रेनू तथा सभी स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया।

## दिव्यांग बच्चे को माता-पिता से मिलवाया

**सोनीपत।** जिले में एक सराहनीय पहल के तहत दिव्यांग बालक विवेक को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। यह बालक 1 अक्टूबर 2022 को सोनीपत रोड पर लावारिस हालत में मिला था, जिसके बाद उसे गोहाना स्थित दिव्यांग सेवा समिति में देखभाल के लिए रखा गया था।बाद में पेंशन प्रक्रिया के दौरान उसके परिवार का सुराग मिला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला बाल संरक्षण अधिकारी की टीम ने लगातार प्रयास कर माता-पिता का पता लगाया, जो दिल्ली में रह रहे थे। अधिकारियों के संपर्क के बाद माता-पिता सोनीपत पहुंचे और 2 अप्रैल को विधिवत प्रक्रिया पूरी कर बालक को उनके सुपुर्द किया गया।



## भूमित ने राष्ट्रीय नेटबॉल में जीता कांस्य पदक

**खरखौदा।** मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश आयोजित द्वितीय जूनियर मिक्स्ड नेटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के होनहार छात्र भूमित अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के संस्थापक सत प्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया एवं नेटबॉल कोच संसार दहिया ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्या दया दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि हमारे विद्यालय के नेटबॉल खिलाड़ियों ने अब तक 3 अंतरराष्ट्रीय पदक और 121 राष्ट्रीय एवं अन्य स्तर के पदक प्राप्त कर विद्यालय, क्षेत्र, राज्य और देश का नाम गौरवान्वित किया है।



## 42 साल की देश सेवा के बाद लौटे आईटीबीपी जवान ओमप्रकाश का किया जोरदार स्वागत



**खरखौदा।** स्थानीय निवासी ओमप्रकाश ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में करीब 42 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 1984 में कांस्टेबल के रूप में भर्ती हुए ओमप्रकाश ने मध्य प्रदेश के करेरा और शिवपुरी, हिमाचल प्रदेश के रिकांगपिओ, कुल्लू और मनाली, अरुणाचल प्रदेश के जीरो और तेजू, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ और जोशीमठ सहित कई सीमावर्ती और चुनौतीपूर्ण इलाकों में तैनात रहे।

**कई बार सम्मानित हुए :** उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें चार बार सम्मानित किया गया, जिनमें 'सिल्वर डिस्क डीजी इंसिग्निया' और 'गोल्ड डिस्क डीजी इंसिग्निया' जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल हैं।उनके बड़े भाई एसआई रतन सिंह पूनिया ने 2009 में अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहादत दी।

## स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर दस लाख की ठगी के आरोप में राजस्थान से तीन गिरफ्तार

**सोनीपत पुलिस ने बाड़मेर से पकड़ा, दो हजार की नकदी बरामद**

- पैसे दोगुना करने का लालच देकर लोगों को फंसाता था गैंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने फ्री स्टॉक मार्केट टिप्स और निवेश के नाम पर पैसा दोगुना करने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना साइबर सोनीपत की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए राजस्थान के बाड़मेर जिले से तीन आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान होता राम, जेठू सिंह और किशना राम के रूप में हुई है जो बालोतरा राजस्थान के निवासी हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से दो हजार रुपये की नगदी बरामद की है और रिमांड अवधि पूरी होने के बाद इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ठगी का यह मामला मार्च 2025 में सामने आया था जब नरेंद्र नगर निवासी पंकज ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 1 फरवरी 2025 को उनके टेलीग्राम पर एक संदेश आया जिसमें फ्री में स्टॉक मार्केट सिखाने का दावा किया गया था। खुद को एक बहुउद्देशीय कंपनी का प्रतिनिधि बताकर ठगों ने पंकज को निवेश पर तीन गुना मुनाफा देने का लालच दिया। ठगों के झांसे में आकर पंकज ने एक फर्जी वेबसाइट पर अपना खाता बनाया और 8 फरवरी से 13 फरवरी के बीच विभिन्न बैंक खातों में कुल 10,14,022 रुपये जमा कर दिए। जब उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो कंपनी ने भुगतान करने से इनकार कर दिया जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।



**सोनीपत।** पुलिस की गिरफ्त में साइबर ठग। फोटो : हरिभूमि

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक में खाता खुलवाकर पैसे किए थे ट्रांसफर

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रबंधक बसंत कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में उप निरीक्षक कृष्ण, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र, सहायक उप निरीक्षक संजय, सिपाही सुमित और मुख्य सिपाही विनोद शामिल थे। तकनीकी विश्लेषण और जांच के आधार पर पुलिस टीम ने राजस्थान के बाड़मेर में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को काबू किया। जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक खाते खुलवाए थे जिनमें ठगी की राशि ट्रांसफर करवाई गई थी।

## भिगान टोल पर अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस सख्त, 90 चालान काटकर 80 हजार वसूले

**सोनीपत।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सोनीपत पुलिस ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त ममता सिंह और पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक नरेन्द्र कादयान के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नेशनल हाईवे-44 पर भिगान टोल के आसपास अवैध रूप से बनाए गए खोखे, झुग्गियों और दुकानों को हटवाया गया। यातायात पुलिस निरीक्षक लाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी भी दी। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 90 चालान किए गए। ब्लैक फिल्म सहित अन्य नियमों के उल्लंघन पर करीब 80 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन से भी अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें और शहर को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने में सहयोग दें।



**सोनीपत।** टोल प्लाजा पर जेसीबी से अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

## मंडी में फसल खरीद के नए नियमों को लेकर जताया रोष

# किसानों ने रोष मार्च निकाला, लघु सचिवालय के गेट पर दिया धरना

■ नए नियमों के अनुसार 3 महीने में भी खरीद नहीं हो पाएगी : बेदी दहिया व अभिमन्यु कोहाड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। गोहाना रोड पर रोष मार्च निकालते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी व किसान और लघु सचिवालय के गेट पर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन देते किसान नेता।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के बैनर तले किसानों ने अनाज मंडी में लागू किए गए नए नियमों के खिलाफ रोष जताया। किसान सुबह 11:30 बजे गोहाना रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला में एकत्रित हुए। यहां से रोष मार्च निकालते हुए लघु सचिवालय पर पहुंचे। किसानों ने लघु सचिवालय के गेट पर जिला प्रधान बेदी दहिया, किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ के नेतृत्व में नियमों व बिजली निगम के एक अधिकारी की ओर से अभद्र टिप्पणी के खिलाफ करीब 2 घंटे तक धरना दिया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम उपायुक्त नेहा सिंह को ज्ञापन देकर समाधान की गुहार लगाई।

किसान नेता बेदी दहिया व अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि सरकार मंडी में फसल खरीद के जो काले नियम लेकर आई है, उनके अनुसार 3 महीने में भी खरीद नहीं हो पाएगी। यह नियम अव्यावहारिक हैं। जिला उपाध्यक्ष समुंद्र तोमर ने कहा कि नए नियमों के अनुसार कम से कम 10 मिनट में एक गेट पास कटेगा, ऐसे में पूरे दिन में मात्र 200 गेट पास ही कट पाएंगे। इससे मंडियों के बाहर सड़क पर लंबे जाम की संभावना बनी रहेगी। गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा ने कहा कि अमेरिका से अनाज मंगवाने के लिए ऐसे काले नियम बनाए जा रहे हैं, ताकि किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो जाए। वहीं किसानों ने कहा कि रबी सीजन की फसलों विशेषकर गेहूं व सरसों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जाए। सरकार नए काले नियम लागू करके गेहूं की खरीद की प्रक्रिया को अव्यावहारिक, जटिल बना दिया है। गेट पास के लिए बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन व ट्रैक्टर-ट्राली पर नंबर प्लेट लगे होना अनिवार्य कर उसका फोटो अपलोड करने की प्रक्रिया में बहुत समय लगेगा, जिसकी वजह से मंडियों के बाहर लंबा जाम लगा रहेगा। इन काले नियमों को जल्द वापस लिया जाए। किसानों ने कहा कि आलू के दाम गिरने की वजह से उनकी लागत भी पूरी नहीं हो रही है। जिससे किसान आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं।

हालिया समय में पंजाब में आलू के किसान जसकरण सिंह, जसविंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश के सोनपीर सिंह, कुशवाहा, विकास चौधरी के आत्महत्या की घटनाओं ने किसान वर्ग को झकझोर दिया है। ऐसे हालात में आलू उगाने वाले किसानों के लिए केंद्र सरकार व राज्य सरकारों को स्पेशल राहत पैकेज जारी करना चाहिए। वहीं भारत-अमेरिका के मध्य होने जा रहे प्रस्तावित व्यापार समझौते में खेती, डेयरी व पोल्ट्री क्षेत्रों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। किसान आंदोलनों के दौरान दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। किसान नेता वीरेंद्र खोखर ने कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें बिजली निगम के एक अधिकारी समाज विशेष के खिलाफ अभद्र टिपण्णी कर रहे है। इससे सर्व समाज में काफी रोष है। यदि 20 अप्रैल तक उक्त अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, यदि प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करता है, तो सोनीपत में सर्व समाज की महापंचायत बुलाकर बड़ा फैसला लिया जाएगा। वायरल वीडियो की पूरी जांच करके उक्त अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### धरने पर यह रहे मौजूद

धरने में प्रदेश सचिव वीरेंद्र शामडी, जिला महासचिव हंसबीर खर्ब, जिला कोषाध्यक्ष बिजेंद्र दहिया, जिला सचिव बुधराम सिंह, सुनील मलिक, अमित मलिक, राज सिंह हुड्डा, रामनिवास निजामपुर, शमशेर घनघस, राजेंद्र कोहला, रविंद्र लाकड़ा, लीगल सेल प्रधान अधिवक्ता संजय खरेटा, जिला समन्वयक इंद्रजीत राणा, विकास राणा, समुंद्र राणा, सतबीर दहिया, खरखौदा ब्लॉक के प्रधान शक्ति दहिया, राजबीर दहिया, आजाद कोहाड़, अजीत दहिया, कर्मबीर दहिया, राज सिंह हलालपुर, रामकुंवार दहिया, राई ब्लॉक के प्रधान अशोक पहलवान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। मेरिट हासिल करने वाले छात्रों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

### राजनीति विज्ञान के छात्रों ने टॉप 20 में बनाई जगह

सोनीपत। महर्षि दयानंद विवि की हाल ही में जारी मेरिट सूची में छोटू राम आर्य महाविद्यालय के बीए ऑनर्स राजनीति विज्ञान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कॉलेज के छात्रों ने टॉप 20 में कई स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। मेरिट सूची में पार्थ दहिया ने छठा, जीवा ने सातवां, सम्मी ने दसवां, कशिश ने 11वां, सौरभ ने 14वां और हर्ष ने 19वां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया और प्राचार्य डॉ जेएस फोर ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उषा दहिया, स्टाफ और सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे कॉलेज के लिए गर्व का क्षण बताया।

### बिना पंजीकृत डिस्लज ऑपरेटरों पर होगी कार्रवाई

सोनीपत। नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कार्यरत सभी डिस्लज ऑपरेटरों के लिए निगम में पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण के कार्य करते पाए जाने वाले किसी भी डिस्लज ऑपरेटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ संबंधित ट्रैक्टर-टैंकर को जब्त करने की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन को भी सूचित करते हुए कहा कि वे अपने शौचालय के सेप्टिक टैंक की सफाई केवल नगर निगम से पंजीकृत डिस्लज ऑपरेटरों से ही करवाएं। इसके लिए प्रति टैंकर 1200 रुपये शुल्क नगर निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक डिस्लज ऑपरेटर को यह अनिवार्य किया गया है कि सेप्टिक टैंक से निकाले गए अपशिष्ट (कीचड़) को केवल शहर में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर ही डाला जाए। किसी भी अन्य स्थान पर अपशिष्ट डालना पूर्णतः प्रतिबंधित है।



गोहाना। विधायक इंदुराज नरवाल गांव चिड़ाना में चौपाल का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने गांव चिड़ाना चौपाल का उद्घाटन किया

इंदुराज नरवाल ने गांव में विकास कार्यों के लिए 21 लाख देने की घोषणा की

गोहाना। बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) ने वीरवार को गांव चिड़ाना में 12 लाख 36 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित दासू पाना चौपाल का उद्घाटन किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकासकार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। गांव चिड़ाना में इससे पहले भी वाल्मीकि चौपाल के निर्माण हेतु 9 लाख 50 हजार रुपये तथा वेद पाना चौपाल के लिए 8 लाख 30 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। चौपाल केवल एक भवन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और ग्रामीण संस्कृति का केंद्र होता है। ऐसे विकास कार्यों से गाँव की सामाजिक संरचना और मजबूत होती है।इस दौरान विधायक ने गांव में विकास कार्यों के लिए पुनः 21 लाख रुपये देने की घोषणा की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पार्षद कुलदीप प्रजापति, सरपंच संदीप लठवाल, पूर्व सरपंच रमेश लठवाल, जोगेंद्र, रणधीर लठवाल, मास्टर ओमप्रकाश, सतपाल लठवाल, सतबीर बैरागी, नंबरदार जोगेंद्र, अशोक राठी, धोला लठवाल, पंडित दयानंद, लक्ष्मण ठेकेदार, महाबीर लठवाल व पंडित दिनेश उपस्थित रहे।

## टीबी जांच के लिए उपमंडल के अस्पताल में नई मशीन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

उपमंडल अस्पताल गन्नौर में टीबी मरीजों की जांच को तेज और सटीक बनाने के उद्देश्य से नई आधुनिक टूनेट मशीन का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. टीना आनंद ने मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डा. रोहतास भल्ला, डा. मोहित, बलवान सिंह, सुनील कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. टीना आनंद ने बताया कि नई टूनेट मशीन लगने से टीबी जांच की प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी। पहले जहां पुरानी मशीन से करीब 2 घंटे में केवल 2 टेस्ट ही संभव हो पाते थे, वहीं अब नई मशीन की मदद से मात्र 1 घंटे में 4 टेस्ट किए जा सकेंगे। इससे मरीजों को रिपोर्ट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और रिपोर्ट मिलने से टीबी जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में तेजी आएगी और मरीजों को जल्द उपचार मिल सकेगा। यह सुविधा विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभदायक साबित होगी, जो दूर-दराज क्षेत्रों से जांच कराने के लिए अस्पताल पहुंचते हैं।



गन्नौर। उपमंडल अस्पताल में नई टूनेट मशीन का उद्घाटन करती वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. टीना आनंद। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता : अरविंद

गोहाना। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी बदौलत प्रदेश में लगातार तीसरी बार और गोहाना में पहली बार कमल का फूल खिला है। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। वीरवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा पानीपत रोड पर गोहाना विधानसभा की संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, दिनेश व्यास सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए संगठन विस्तार और जनसंपर्क को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, महेंद्र चिड़ाना, डॉ. रमेश कश्यप, राजू पटवा, सभी मण्डल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे तथा आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## दिव्यांग विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर रेणु विद्या मंदिर के ऑडिटोरियम में भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने नृत्य, गीत और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया और पूरे वातावरण को उत्साह एवं उल्लास से भर दिया। इसके अतिरिक्त, रेणु विद्या मंदिर महाविद्यालय के अंगूरी देवी हॉल में अध्यापक प्रशिक्षुओं के लिए "विश्व ऑटिज़्म जागरूकता" विषय पर वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुलहाड़े ने ऑटिज़्म जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में ऐसे बच्चों के प्रति समझ, सहयोग और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।

## प्रताप स्कूल खरखौदा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का हवन के साथ शुभारंभ



खरखौदा। प्रताप स्कूल खरखौदा में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ विधि-विधान से हवन यज्ञ के साथ किया गया। हवन कार्यक्रम में प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, दीपिका दहिया सहित समस्त शिक्षकों ने आहुति देकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या दया दहिया ने कहा कि नया सत्र नए अवसरों और नई जिम्मेदारियों के साथ आता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सीखने की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है, जिसमें विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल, तकनीकी ज्ञान और नैतिक मूल्यों पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रताप स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नए सत्र के सफल संचालन की कामना की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभाशीष दिया।

## ज्ञान गंगा में वैदिक मंत्रोच्चार और पावन आहुतियों के साथ नए सत्र का शंखनाद



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बृहस्पतिवार को वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की पावन आहुतियों के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस पावन यज्ञ में नए सत्र की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने अत्यंत श्रद्धा भाव से हवन में आहुतियां डाली और परम पिता परमात्मा से आगामी सत्र के सफल और उपलब्धि पूर्ण होने की सामूहिक प्रार्थना की। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित दिखे। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निधि, मोनिका, पारुल, ज्योति, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## हिंदू विद्या मंदिर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



सोनीपत। हिंदू विद्या मंदिर स्कूल, विशाल नगर में बेबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनीता सिंह और विशिष्ट अतिथि राजीव विनायक चेन्नई रहे। निदेशक रोहतास खत्री ने स्टाफ सहित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। बच्चों ने स्वागत गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्पीच और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया और मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। हवन यज्ञ के साथ नए सत्र की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बिल्लू सरोहा, सरोज, निर्मला, पूजा, कविता, सविता, किरण, उषा, सुमन, सुनीता, सुशीला, पिंकी, दर्शना, रंजू, रेनू, संदीप भारद्वाज, मनोज कुमार, नरेश सरोहा और राम भगत सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त उपायुक्त व सीटीएम ने गंभीरता से सुनी समस्याएं

# शिविर में 23 शिकायतें आईं, समाधान के निर्देश



सोनीपत। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अजय चौपड़ा एवं सीटीएम सिमरन ने स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिविर में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, विद्युत, पंचायत एवं अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल रहीं। एक प्रमुख मामले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की विकलांगता के बावजूद पेंशन बंद किए जाने की शिकायत रखी, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बैंक खाता परिवर्तन, गिरदावरी में संशोधन, बिजली मीटर लगवाने, विधवा पेंशन में बैंक खाता बदलाव, बुढ़ापा पेंशन बनवाने तथा फैमिली आईडी में आय संशोधन जैसी समस्याएं भी सामने आईं। इन सभी मामलों में संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीडीपीओ मनीष मलिक, एसीपी राजपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में छह शिकायतें आईं, अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग-बिजली विभाग से संबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। लोगों की शिकायत सुनते उपमंडल अधिकारी अमित कुमार।

आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में उपमंडल प्रशासन की सक्रियता देखने को मिली। शिविर में पहुंचे लोगों की शिकायतों पर अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

उपमंडल अधिकारी अमित कुमार व तहसीलदार बिजेंद्र नांदल की देखरेख में आयोजित इस शिविर में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग व बिजली विभाग से संबंधित थी। शिविर के दौरान उपमंडल अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र व उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खरखौदा एसीपी जोगिंदर शर्मा, थाना प्रभारी पवन कुमार तथा नायब तहसीलदार अचिन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## गुरु और शिष्यों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

गोहाना। वीरवार को गांव बिचपड़ी स्थित सरस्वती विद्यालय में संकटमोचन हनुमान के जन्मोत्सव पर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। समारोह का शुभारंभ हवन के बाद गुरु और शिष्यों द्वारा हनुमान जी की स्तुति के साथ हुआ। हवन वैदिक विधि-विधान से करवाया गया जिसमें गुरु और शिष्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ सामूहिक आहुतियां डाली। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य आशीष गोयल ने की और संयोजन उप प्राचार्या रितिका गर्ग का रहा। इस समारोह में गुरु-शिष्यों द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ से पूरा विद्यालय गूंज उठा। इस दौरान विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा पुस्तिका भेंट की गई। विद्यार्थियों ने संकटमोचन हनुमान के जीवन से सेवा, भक्ति और अनुशासन की प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढने का संकल्प लिया।



## हनुमान का जीवन सेवा, समर्पण व भक्ति का देता है संदेश

सोनीपत। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन, भजन संध्या और भंडारों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में समाजसेवी अरुण बंसल ने भाग लिया और श्रद्धालुओं के बीच उपस्थित रहे। उन्होंने सनातन धर्म सभा दुर्गा मंदिर, प्रभु नगर स्थित शिव सेवा समिति, प्राचीन हनुमान मंदिर सोनीपत और अशोक नगर के श्री दुर्गा मंदिर सहित कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की। कुछ स्थानों पर वे विधायक निखिल मदान के साथ भी पहुंचे। कार्यक्रमों के दौरान अरुण बंसल ने भजन-संकीर्तन में भाग लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान का जीवन सेवा, समर्पण और भक्ति का संदेश देता है।



## भगवान के आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए

राई। गांव राई में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हमें सच्ची निष्ठा, समर्पण और साहस की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हमें भगवान हनुमान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



## हनुमान जन्मोत्सव पर 102 ने किया रक्तदान

खरखौदा। प्राचीन शिव मंदिर, सिसाना शिवालय में हनुमान के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य रक्तदान शिविर, विशाल भंडारा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। रक्त संकलन हेतु रेड क्रॉस हेडक्वार्टर, दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने सामाजिक कार्यकर्ता जनमेजय के नेतृत्व में सुव्यवस्थित रूप से रक्त संग्रहण किया। शिविर के दौरान कुल 102 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिनमें 15 महिलाएं भी सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और सेवा भावना का परिचय दिया।




### निवर्तमान मेयर ने हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

# हनुमान की सच्चे मन से स्तुति करने पर जीवन में नहीं आएंगे कष्ट: जैन

- भगवान श्रीराम ने हनुमान जी की भक्ति भावना से प्रसन्न होकर वरदान दिया था कि मुझसे ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

संकट मिटे सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा की स्तुति जीवन की हर समस्या का निदान करती है, भगवान श्रीराम ने हनुमान जी की भक्ति भावना से प्रसन्न होकर यह वरदान दिया था कि मुझसे ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और लोग अपने संकटों का निवारण तुम्हारी उपासना से करेंगे।उक्त विचार नगर निगम निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने वीरवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दर्जन से ज्यादा हवन यज्ञ, जागरण, भंडारों एवं शोभा यात्राओं में भाग लेने के बाद व्यक्त किये। राजीव जैन ने बताया कि जब युद्ध में लंकापति रावण के सभी पुत्रों-भाइयों की मृत्यु हो रही थी तब रावण ने अमरत्व के लिए शनि देव भगवान समेत सभी ग्रहों को कैद कर यातनाएं देनी शुरू कर दी थी और हनुमान जी ने शनि को रावण की कैद से मुक्त करवाया। यह वरदान शनि भगवान ने दिया कि जो हनुमान की सच्चे मन से स्तुति करेगा उसके जीवन में कष्ट नहीं आएंगे। कार्यक्रमों में भीम सिंह, मनीष राई, रोशन लाल, हरिप्रकाश मंगला, प्रहलाद गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, हरपाल दहिया, पिंकी शर्मा, राम सिंह त्यागी, रणबीर सिंह, सतीश गांधी, महावीर, यशपाल डुडेजा, पवन अग्रवाल, जगन नाथ, यश तनेजा, संदीप अरोड़ा, सतीश विरमानी, बीआर आहूजा, प्रदीप सरोहा, आदि सैंकड़ो हनुमान भक्त उपस्थित रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा नेता राजीव जैन को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## असीम बल और परम भक्ति के अद्वितीय संगम हैं हनुमान जी

गोहाना। मुख्य बाजार में जनकपुरा गेट स्थित श्री राम साईं मंदिर में वीरवार को भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। समारोह में श्रद्धालुओं ने हनुमान की पूजा-अर्चना करके सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा की शहरी इकाई के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा हनुमान जन्मोत्सव आंतरिक शक्ति को जागृत करने और जीवन से नकारात्मकता को मिटाने का एक आध्यात्मिक अवसर भी है भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान को शक्ति, भक्ति, साहस, निष्ठा, विनम्रता और समर्पण का सर्वोच्च प्रतीक माना जाता है वे असीम बल, तिक्षण बुद्धि और परम भक्त के अद्वितीय संगम है। उनका जीवन भक्ति, ज्ञान और कर्म का उत्कृष्ट समन्वय है। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी हरभगवान चोपड़ा की। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। इस मौके पर संजीव सुनेजा, नरेश चानना, जतिन सतीजा, अरुण पिपलानी ,लवकेश मौजूद रहे।

### विधायक ने विभिन्न कार्यक्रमों- शोभा यात्राओं और भंडारों में लिया हिस्सा

## रामभक्त हनुमान चिरंजीवी, अपने भक्तों की करते सारी मनोकामनाएं पूर्ण : निखिल मदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

वीरवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विधायक निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित तीन दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया और शहरवासियों को भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। विधायक निखिल मदान ने सिद्धार्थ एनक्लेव में बालाजी मंदिर, सनातन धर्म सभा हनुमान मंदिर मॉडल टाउन, चिंताहरण हनुमान मंदिर दिल्ली रोड, श्री कृष्णा मंदिर सुदामा नगर, प्राचीन हनुमान मंदिर गोहाना रोड, दुर्गा मंदिर कच्चे क्वार्टर में आयोजित सुंदर कांड पाठ और भजन संकीर्तन में बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद वितरण किया। इसके उपरांत विधायक निखिल मदान सनातन धर्म सभा हनुमान मंदिर छोटा गीता भवन मॉडल टाउन पहुंचे जहां उन्होंने अन्य भक्तों के साथ मंदिर प्रांगण में चल रहे सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया। साथ ही ओल्ड डीसी रोड, देवड़ु रोड, प्रभु नगर रोहतक रोड, इंडियन कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी में आयोजित भंडारों में हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया।



सोनीपत। भंडारे में प्रसाद वितरित करते विधायक निखिल मदान साथ में अन्य।

### ये रहे मौजूद

विधायक निखिल मदान ने बालाजी परिवार सेवा समिति, संकट मोचन हनुमान सभा द्वारा चावला कॉलोनी में, मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा कबीरपुर में निकाली जा रही हनुमान की भव्य शोभायात्रा को शुरू करवाया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि भगवान हनुमानजी चिरंजीवी है और उनकी केवल भक्ति मात्र से लोगों के बड़े बड़े संकट और दुःख दूर हो जाते है। इसलिए हनुमानजी को संकटमोचक और कष्टभंजन भी कहा गया है। बालाजी महाराज की महिमा अपरम्पार है। भगवान श्री राम के लिए उनकी भक्ति अतुलनीय और अनुकरणीय है। इस अवसर पर प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति दी



गोहाना। गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में वीरवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर हवन किया और भंडारा आयोजित किया गया। हवन में मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। समारोह की मुख्य अतिथि चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा और विशिष्ट अतिथि मुख्य लेखा अधिकारी जितेंद्र शर्मा व क्रय अधिकारी संदीप नरवाल थे। हवन में अतिथियों के साथ चीनी विक्रय प्रबंधक धनीराम शर्मा, सीडीओ महावीर शर्मा, सहायक क्रय अधिकारी अनिल वर्मा, चीफ केमिस्ट देवेंद्र दहिया और डिप्टी चीफ केमिस्ट विभाष गुप्ता ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भगवान हनुमान की वंदना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। हवन पं. श्यामसुंदर ने करवाया।

## हनुमान अष्ट सिद्धियों एवं नौ निधियों के दाता : सचिन



गोहाना। जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान जी को पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी सुनील शर्मा का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की और संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान हनुमान अष्ट सिद्धियों एवं नौ निधियों के दाता हैं। प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर अपार क्षमता निहित होती है, जिसे पहचानकर निरंतर प्रयास करने से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान जय श्रीराम एवं जय हनुमान के उद्घोष और हनुमान चालीसा के पाठ से विद्यालय परिसर सकारात्मक ऊर्जा से गूंज उठा।

### हनुमान शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक : डॉ. अरविंद

गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति, सेवा और अटूट निष्ठा के प्रतीक हैं। सदियों से उनकी निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत रही है। आज हमें मिलकर उनके विचारों को अपने जीवन, अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर जोर देना चाहिए और युवा पीढ़ी को उनके विचारों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। वीरवार को हनुमान जयंती पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गांव जुआं में श्री महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्राचीन शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शिरकत की व इसके उपरांत गांव माहरा के प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि एवं शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान का जीवन हमें सिखाता है कि समर्पण, साहस और परिश्रम के लिए प्रेरित करता है। पुजारी ईश्वरानंद, मंदिर कमेटी अध्यक्ष राजीव गोयल आदि मौजूद रहे।



### बच्चों ने भजन, चौपाई और नृत्य प्रस्तुत कर दी श्रद्धांजलि

सोनीपत। दिल्ली विद्या पीठ में हनुमान जयंती के अवसर पर भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने रामायण की चौपाइयां, हनुमान चालीसा और भजन प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय संचालक वीर सिंह सैनी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इसके बाद पंडित राजेंद्र शर्मा और हेमा खंडेलवाल की अगुवाई में प्रधानाचार्या आराधना ग्रोवर, उप प्रधानाचार्य प्रिय दर्शन तथा अतिथियों गीता बड़ौली, सुरेंद्र मदान, मुकेश सैनी, हरि प्रकाश सैनी और शीला लाकड़ा ने पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। बच्चों गुंजन, ओवी, हिमांशु, तानिया, प्रज्ञा, पंखि, पलक, सृष्टि, वीर, चिराग, सांची, त्रिदेव, स्निग्धा और चेष्टा ने प्रस्तुतियां दीं। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।




## विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक तरीके सिखाए

- जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में प्रथम उपचार व आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम उपचार एवं आपदा प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी और सेंट जॉन एम्बुलेंस के सहयोग से संपन्न हुआ। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी ने कहा कि ऐसे शिविर समाज में जागरूकता बढ़ाने की महत्वपूर्ण पहल हैं। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आपात स्थिति में सही और त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना है। विशेषज्ञों ने सीपीआर, फ्रैक्चर, रक्तस्त्राव रोकने और अन्य प्राथमिक उपचार के व्यावहारिक तरीके सिखाए। शिविर में 67 विद्यार्थियों और 4 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. पूजा गुलाटी ने किया।



सोनीपत। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथि साथ में प्राचार्या एवं स्टाफ।

### टेंडर अनियमितताओं के आरोपों पर बढ़ा विवाद

## सामाजिक कार्यकर्ता ने नोटिस व शिकायतों को बताया निराधार

सोनीपत। शहर में सरकारी टेंडर प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता देवेन्द्र गौतम ने नागरिक अस्पताल की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से भेजे गए लीगल नोटिस और थाना सेक्टर-27 में दी गई शिकायत पर प्रेसवार्ता कर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए साइबर अपराध, मॉर्फिंग, मानहानि, उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग जैसे आरोपों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि उनके द्वारा उठाए गए सभी मुद्दे सरकारी टेंडर आईडी में कथित अनियमितताओं से जुड़े हैं, जिन्हें दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर जनहित में सामने लाया गया। उनका कहना है कि यह कदम जनता के टैक्स के पैसे के सही उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया था।



सोनीपत। टेंडर प्रक्रिया के कागजात दिखाते हुए देवेंद्र गौतम।

## नवोन्मेष परियोजना प्रदर्शनी: विद्यार्थियों ने विभिन्न शाखाओं के नवाचारी प्रोजेक्ट्स किए प्रस्तुत

- हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में गुरुवार को नवोन्मेष परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 30 टीमों के 102 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल व सिविल इंजीनियरिंग से जुड़े प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में स्मार्ट सिटी टीम ने प्रथम, डोबेशन ट्रांसपेरेंसी प्लेटफॉर्म टीम ने द्वितीय और प्लांट हाइड्रेशन सिस्टम टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के निर्णायक उद्यमी निशांत कुमार और राइकोन लैब्स के निदेशक धीरज तहान रहे। कॉलेज निदेशक डॉ. डीपी सिंह ने छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित किया, जबकि चेयरमैन राजीव अग्रवाल ने मेहनत और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अन्य शिक्षाविदों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी छात्रों का उत्साह बढ़ाया।



सोनीपत। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए शिक्षण समिति के चेयरमैन राजीव अग्रवाल।

## मृतक सुनील के परिजनों ने मांगी आर्थिक मदद

गोहाना। कथूरा निवासी मृतक सुनील कुमार पुत्र रामकिशन के परिजनों ने सरकार से आर्थिक मदद की मांग की है। सुनील की कई दिन पहले बिजली की लाइन के तारों से करंट लगने से मौत हो गई थी। मृतक के भाई सुरेश ने बताया कि 28 मार्च को प्रातः उसका भाई सुनील कुमार (44) खेतों से पशुओं के लिए चारा लेने गया था। रास्ते में गांव के बस अड्डे के समीप बिजली लाइन के तारों से करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। मृतक सुनील अविवाहित था। उनकी मौत से परिवार को गहरा सदमा लगा है। परिजनों और ग्रामीणों ने सरकार से आर्थिक मदद की मांग की है ताकि उसके परिवार का गुजर-बसर हो सके। गांव के सरपंच प्रतिनिधि नवीन व अन्य ग्रामीणों के अनुसार यह बिजली की लाइन प्लाटों में से गुजरी हुई है।



मृतक सुनील कुमार।

### मिशन बुनियाद | जिले में 4454 ने करवाया था पंजीकरण, 284 ने दो चरणों में पाई सफलता

### शिक्षा विभाग की ओर से आज ओरिएंटेशन कार्यक्रम व तीसरे चरण की परीक्षा का आयोजन

# आज तीसरे चरण से गुजरेंगे दो चरणों में सफलता पाने वाले 284 विद्यार्थी

- कार्यक्रम खेवड़ा स्थित आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल में होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से मिशन बुनियाद योजना के अंतर्गत शुक्रवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम व तीसरे चरण की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दोनों कार्यक्रम खेवड़ा स्थित आर्चिड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किए जाएंगे। परीक्षा में योजना के तहत दो चरणों को पार कर चुके जिले के 284 विद्यार्थी भाग लेंगे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सोनीपत विधायक निखिल मदान, राई की कृष्णा शिरकत करेंगी।

### विकल्पा फाउंडेशन की टीम रहेगी मौजूद

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा से पूर्व होने वाले ओरिएंटेशन कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही परीक्षा की प्रक्रिया, नियम व समय-सारणी के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा अभिभावकों व विद्यार्थियों के सवालों के जवाब देकर उनके संशय को दूर किया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले चयनित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना दें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, उप जिला शिक्षा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, डीएमएस, डीएसएस, बुनियाद केंद्रों पर कार्यरत एबीआरसी, केंद्रों के प्राचार्य व विकल्पा फाउंडेशन की टीम भी मौजूद रहेगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की मिलेगी फ्री कोचिंग

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के तहत राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 1113 विद्यार्थियों ने 26 फरवरी को दूसरे चरण की परीक्षा में भाग लिया था। इनमें से 284 विद्यार्थियों ने सफलता पाकर तीसरे चरण के लिए अपनी जगह बनाई थी, जबकि 122 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे थे। इससे पहले 26 दिसंबर 2025 को 4454 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 3527 ने प्रथम चरण की परीक्षा में भाग लिया था। 21 जनवरी को जारी किए गए प्रथम चरण के परीक्षा परिणाम में कुल 1235 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की थी। मिशन बुनियाद का उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव मजबूत करना है। इस योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की दो वर्ष की निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाती है।

## खाद्य पदार्थों की जानकारी समझने में तकनीक की भूमिका पर चर्चा

सोनीपत। दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में बायोटेक्नोलॉजी और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें 150 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

अमेरिका स्थित वूबलो इंक की चीफ साइंटिफिक ऑफिसर कृतिका चुघ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब लोगों को यह समझने में मदद करेगा कि वे क्या खा रहे हैं और कौन सा भोजन उनके स्वास्थ्य के लिए सही है। उन्होंने बताया कि अधिकतर लोग खाद्य पदार्थों के लेबल को सही से नहीं समझ पाते, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है। कृतिका चुघ ने 'कीटली' एप के बारे में जानकारी दी, जो प्रोडक्ट के लेबल को स्कैन कर उसकी जानकारी सरल भाषा में बताता है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विवि स्टाफ एवं विद्यार्थी।

### सूचना

मैं, मनजीत पुत्र श्री मोहिन्द्र सिंह निवासी ग्राम न्यात तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरी लड़की के आधार कार्ड नंबर 9320 5570 7610 में मेरी पुत्री का नाम बेबी दर्ज है जबकि मेरी लड़की के जन्म प्रमाण-पत्र में उसका नाम काव्या सहरावत (Kavya Sehrawat) है। अब मैं अपनी पुत्री बेबी के आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में उसका नाम बेबी के स्थान पर काव्या सहरावत (Kavya Sehrawat) करवाना चाहता हूं। अब भविष्य में मेरी पुत्री बेबी को काव्या सहरावत (Kavya Sehrawat) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को आयोजित होने वाला स्वास्थ्य जांच शिविर सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन बीआर आहूजा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें डॉ डीबी रावल के निर्देशन में चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में डॉ एचबीडी अरोड़ा, डॉ इन्दु कपूर, डॉ सविता कुमार और डॉ हरीश चन्द्र कुमार ने करीब 25 लोगों की शुगर, रक्तचाप और वजन की जांच की।

### शिविर में की 259 रोगियों के नेत्रों की जांच

**खरखौदा।** लाला जय नारायण धर्मशाला, खरखौदा में गुरुवार को ठाकुर जी की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप के साथ-साथ स्त्री रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन तथा न्यूरो थैरेपी की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कुल 259 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 23 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

### हवन के साथ स्कूल में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

**खरखौदा।** केडी इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का पहला दिन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत हवन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य तृप्ति नेगी, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हवन के माध्यम से नए सत्र की मंगलकामना की गई और सभी के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की गई। प्रधानाचार्य तृप्ति नेगी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में बताया।

### हवन के साथ होगी शुरुआत, भंडारा लगाकर खिलाया जाएगा प्रसाद

# सम्मान का क्षण: महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण 5 अप्रैल को

### दिसंबर में स्थगित हुआ कार्यक्रम अब नए उत्साह के साथ होगा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, कृष्णा गहलावत व मेयर राजीव जैन करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक केंद्र में पत्रकारों से बातचीत करते महाराजा सूरजमल स्मारक अनावरण आयोजन समिति के पदाधिकारी।

महाराजा सूरजमल स्मारक अनावरण आयोजन समिति की ओर से वीरवार को सेक्टर-23 के सामुदायिक केंद्र में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान समाजसेवी डॉ. धर्मवीर मलिक योगी, संरक्षक आनंद हुड्डा, आरडब्ल्यूए सेक्टर-23 के प्रधान राजेश दहिया ने बताया कि समिति की ओर से 5 अप्रैल को सेक्टर-23 में महाराजा सूरजमल की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे हवन में आहुति डालकर की जाएगी। तत्पश्चात सुबह 9 बजे भंडारा लगाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनीपत के विधायक निखिल मदान, राई की विधायक कृष्णा गहलावत व नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन कार्यक्रम में शामिल होंगे। संरक्षक आनंद हुड्डा व समाजसेवी डॉ. धर्मवीर मलिक योगी ने बताया कि सभी अतिथियों की ओर से महाराजा सूरजमल की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। इस दौरान आरडब्ल्यूए सेक्टर-23 के महासचिव मास्टर अशोक मलिक, कोषाध्यक्ष कप्तान, पूर्व प्रधान अनिल ढुल, बलजीत, रामधन मलिक, डॉ. राजेश मनोज मलिक उर्फ काला पहलवान, सचिन श्योराण, अजय, मास्टर अनूप गहलावत, भगत सिंह मलिक, ओमकार मलिक, डॉ. राजबीर मलिक, बालकृष्ण दहिया, वेद गहलावत, अजय जांगड़ा, नरेश दीक्षित, आजाद खत्री मौजूद रहे।

#### आधी रात को हटाया गया था टेंट

दिसंबर माह में स्थगित हो गया था अनावरण कार्यक्रम सेक्टर-23 मोड़ महलाना चौक पर प्रस्तावित वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को 25 दिसंबर 2025 को प्रशासन के दखल के बाद स्थगित कर दिया गया था। तब अधिकारियों ने प्रशासनिक अनुमति न होने की बात कहकर आधी रात को आयोजन स्थल पर लगे टेंट को उखड़वा दिया था। मामले के तूल पकड़ने पर एसडीएम सुभाष चंद्र व एचएसवीपी के अधिकारी सिद्धार्थ ने प्रतिमा स्थापना के लिए एचएसवीपी से अनुमति नहीं लेने की बात कही थी। साथ ही प्रतिमा को वर्तमान स्थान से स्थानांतरण करने की बात कही थी। जबकि समिति ने कुछ कार्य शेष होने के चलते अनावरण तिथि को स्थगित कर दिया था। इसके बाद समिति ने मूर्ति का अनावरण व आयोजन कार्यक्रम का जिम्मा सरकार को सौंपा दिया था।

## सृष्टि और मानवी व्यास ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**सोनीपत।** सोनीपत की खिलाड़ियों सृष्टि और मानवी व्यास ने खेलो इंडिया अस्मिता महिला लीग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लयबद्ध युगल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक अनंतम आश्रम में आयोजित की गई, जिसमें देशभर की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। लयबद्ध युगल स्पर्धा में खिलाड़ियों को अपने कदमों, आसनों और भाव-भंगिमाओं को एक-दूसरे के साथ पूरी तरह से समन्वित करना होता है, जो इसे बेहद कठिन बनाता है। सृष्टि और मानवी ने अपने बेहतरीन तालमेल, सटीक प्रस्तुति और आकर्षक भाव-प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों से 350 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे मुकाबला काफी कड़ा रहा। इसके बावजूद हरियाणा की इन दोनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि न केवल दोनों खिलाड़ियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे हरियाणा के लिए भी प्रेरणादायक है। उनकी इस सफलता ने यह साबित किया है कि प्रदेश की बेटियां खेलों में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।

## बीआर ग्लोबल विद्यालय में शूटिंग नर्सरी को मंजूरी, आज होगा पंजीकरण



**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय में अब क्षेत्र के बच्चों को शूटिंग खेल में प्रशिक्षित करने का अवसर मिलेगा। हरियाणा सरकार ने स्कूल में शूटिंग नर्सरी संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, शूटिंग नर्सरी में प्रवेश के लिए 3 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक पंजीकरण किया जाएगा। शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल ने बताया कि अभिभावकों को बच्चों के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र तथा यदि किसी प्रतियोगिता में उपलब्धि रही हो तो उसके प्रमाण पत्र भी साथ लेकर आना होगा। विद्यालय में शूटिंग कोच बच्चों की प्रतिभा का मूल्यांकन करेंगे। कोच के निरीक्षण के बाद ही बच्चों का चयन कर शूटिंग नर्सरी में पंजीकरण किया जाएगा। इस पहल से बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने भविष्य को संवारने का बेहतर अवसर मिलेगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में भक्ति की गूंज

### जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने शोभायात्राओं में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया

- इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह के उपलक्ष्य में हनुमान मंदिर मॉडल टाउन, श्री बालाजी मंदिर सिद्धार्थ एन्क्लेव दिल्ली रोड, 80ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निकट हरि शरणम में निकाली गई शोभायात्रा, श्री कृष्ण मंदिर कृष्णपुरा मोहल्ला, मशद क्षेत्र सहित कई स्थानों पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने पहुंचकर आयोजकों और श्रद्धालुओं को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पूजा-अर्चना में भाग लिया तथा शोभायात्राओं में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। शोभायात्राओं में सुसज्जित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों के साथ स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

#### शक्ति, समर्पण व सेवा की मिलती प्रेरणा

कमल दिवान ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आपसी भाईचारे तथा सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजन लोगों में भक्ति भाव, सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। भगवान हनुमान से हम शक्ति, सेवा और समर्पण की प्रेरणा लेते हैं।

# हनुमान जी निःस्वार्थ भक्ति, अपार शक्ति का अद्वितीय संगम : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि हनुमान जी, जिन्हें संकटमोचन और बजरंगबली के नाम से जाना जाता है, अदम्य साहस, निस्वार्थ भक्ति, अपार शक्ति और परम विनम्रता का अद्वितीय संगम हैं। वे अष्टसिद्धि और नवनिधि के दाता, चिरंजीवी और बुद्धिमान हैं, जो भगवान राम के परम भक्त के रूप में ज्ञान व सेवा के आदर्श स्थापित करते हैं। सुरेंद्र पंवार हनुमान जी प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में सिद्धार्थ कालोनी स्थित हनुमान मंदिर, कोर्ट रोड़ स्थित हनुमान मंदिर, देवडू रोड़, मुरथल रोड़, मोहन नगर, मशद मोहल्ला, दुर्गा मंदिर दिल्ली रोड़ स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के उपरांत भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी के चरणों में नमन कर शहरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि हनुमान जी का पूरा जीवन भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित था। उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं चाहा और हर कार्य 'राम काज' समझकर किया। अदम्य साहसी और बलवानः समुद्र लांघना, लंका दहन और द्रोणागिरि पर्वत उठा लाना उनके अपार पराक्रम के प्रतीक हैं।

## मांगें पूरी न होने पर 14 अप्रैल को धरना-प्रदर्शन की चेतावनी



**सोनीपत।** हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और संबंधित कर्मचारी संगठनों ने हरियाणा सरकार व विभागीय अधिकारियों पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि लगातार अधिकारियों को पत्र और धरनों के माध्यम से ग्रुप डी पदों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करने तथा शेष पदों के लिए स्वीकृति लेने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि एचएसवीपी सहित कई विभागों के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। यूनियन ने कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने की भी मांग उठाई। नागर ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन बड़े आंदोलन को मजबूर होगा। इसी क्रम में 14 अप्रैल को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# खरीद कार्य में डिजिटल कांटों का प्रयोग करें : कादियान

- गेहूं खरीद सीजन को लेकर एसडीएम ने मंडी का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गेहूं खरीद सीजन के मद्देनजर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसडीएम प्रवेश कादियान ने मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार व कर्मचारियों के साथ अनाज मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आढ़तियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूं खरीद के दौरान केवल डिजिटल कांटों का ही प्रयोग किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई आढ़ती पुराने कांटे का इस्तेमाल करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्देश दिए कि पुराने कांटों को तुरंत दुकानों से हटा दिया जाए। एसडीएम ने गेहूं की गुणवत्ता को लेकर भी सख्ती दिखाई। उन्होंने आढ़तियों को निर्देशित किया कि गेहूं की सफाई के लिए अच्छी गुणवत्ता के झरनों का उपयोग किया जाए, ताकि अनाज पूरी तरह साफ-सुथरा रहे।

#### तीन स्थानों पर मशीन लगाने के आदेश

पैकिंग के समय विशेष ध्यान रखने को कहा गया कि गेहूं में किसी प्रकार की अशुद्धि न हो, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल सके और सरकारी मानकों का पालन हो। इसके अलावा किसानों की बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के लिए मंडी परिसर में तीन अलग-अलग स्थानों पर मशीनें लगाने के आदेश भी दिए गए, जिससे प्रक्रिया तेज और सुगम हो सके। एसडीएम ने फसलों की नमी के मानकों को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सरसों की नमी 8 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि गेहूं की नमी 12 प्रतिशत से ऊपर नहीं होनी चाहिए।



## छात्रों को वैज्ञानिक सोच और सही निर्णय लेने के लिए किया प्रेरित

**सोनीपत।** शिवा शिक्षा सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जीवविज्ञान विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके दैनिक जीवन से जुड़े फैसलों के वैज्ञानिक प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट कृतिका चुघ ने किया। उन्होंने सरल भाषा में बताया कि खानपान और रोजमर्रा में उपयोग होने वाले उत्पादों का हमारे स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने पैकेज्ड फूड और पेय पदार्थों के उदाहरण देकर छात्रों को उनके इंग्रीडिएंट्स समझने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि "हेल्दी" और "नेचुरल" जैसे शब्दों पर आंख बंद कर भरोसा करने के बजाय वैज्ञानिक तथ्यों को समझना जरूरी है। इस दौरान एआई की भूमिका पर भी चर्चा हुई और बताया गया कि प्लेटफॉर्म जटिल जानकारी को आसान भाषा में समझाने में मदद करते हैं। शिक्षकों ने भी ऐसे आयोजनों को जरूरी बताते हुए वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



## विशेष बच्चों को सहानुभूति नहीं बल्कि समझ और सहयोग की जरूरत : विकास

**गोहाना।** विश्व ऑटिज्म दिवस पर वीरवार को गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम स्पेशल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विशेष बच्चों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। अध्यक्षता प्राचार्य सुरेंद्र मलिक ने की। संस्थान के एमडी विकास मलिक ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बताया गया कि ऑटिज्म एक न्यूरो-डेवलपमेंट स्थिति है, जो बच्चों के व्यवहार, संवाद और सामाजिक कौशल को प्रभावित करती है। विशेषज्ञों के अनुसार ऑटिज्म के लक्षण बचपन में दिखाई देने लगते हैं, इसलिए समय पर पहचान और सहायता बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को समान अवसर, सम्मान और सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम में पोस्टर, भाषण एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि विशेष बच्चों को सहानुभूति नहीं बल्कि समझ और सहयोग की आवश्यकता होती है। प्राचार्य के अनुसार इस वर्ष विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस का संदेश मानवता, समानता और समावेश पर आधारित है।

**कार्यक्रम** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यायल में कार्यशाला

विवि के 60 गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजन

# व्यवहार में संवेदनशीलता होना आवश्यक : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कंप्लेंट अगेंस्ट सेक्सुअल हरासमेंट-इंटरनल कंप्लेंट समिति द्वारा पेशेवर उत्कृष्टता हेतु जेंडर संवेदनशील कार्यस्थल का निर्माण एवं पॉश अधिनियमः 2013 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता समिति की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल ने की। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के 60 गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने एवं पॉश अधिनियम के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्यस्थल किसी भी संस्थान की प्रगति का आधार होता है। जेंडर संवेदनशीलता केवल नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति और व्यवहार का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए।




**गोहाना।** कुलपति प्रो. सुदेश का स्वागत करते आयोजक, साथ में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव।

#### प्रोफेशनल एक्सीलेंस पर दिया जोर

पॉश अधिनियमः 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ समानता और गरिमा की भावना को सुदृढ़ करता है। कुलपति ने प्रोफेशनल एक्सीलेंस पर जोर देते हुए कहा कि जीवन में तरक्की के लिए हम अपना महत्वपूर्ण समय अपने कार्यस्थल पर व्यतीत करें। विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव रहे। धन्यवाद ज्ञापन विधि विभाग की अध्यक्ष डॉ. सीमा दहिया ने किया।